शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

ANALYSIS OF FEEDBACK (अनुवर्तन विश्लेषण)

बैठक दिनांक – 17/06/2021

आज दिनांक 17/06/2021 को प्राचार्य की अध्यक्षता में शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के तहत छात्राओं से प्राप्त अनुवर्तन के विश्लेषण हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रस्तुत तथ्य एवं लिये गये निर्णय निम्नानुसार है–

1. महाविद्यालय की छात्राओं से प्राप्त किये गये फीडबैक के अनुसार महाविद्यालय की अध्ययन/अध्यापन व्यवस्था के बारे में अनुकूल प्रतिपुष्टि पाई गई।
2. प्राप्त फीडबैक के अनुसार महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा कक्षा–कक्ष में ग्रीन बोर्ड की आवश्यकता प्रकट की है अतः ग्रीन बोर्ड के क्रय हेतु प्रस्ताव आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आगामी बैठक में रखने तथा विचार–विमर्श का निर्णय लिया गया।
3. महाविद्यालय के शौचालय की साफ–सफाई हेतु महाविद्यालय के स्वच्छक को तत्काल प्राचार्य द्वारा निर्देशित किया गया।
4. महाविद्यालय में भूगोल एवं अन्य विषयों के अन्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाएं प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक पत्राचार किये जाने का निर्णय लिया गया।
5. फीडबैक के अन्तर्गत छात्राओं के द्वारा कक्षा–कक्ष में ट्यूबलाईट तथा पंखा की आवश्यकता प्रकट की गई जिसके लिये महाविद्यालय के पास उपलब्ध आकस्मिक निधि की राशि में से पंखा, लाईट आदि की व्यवस्था की जाने का निर्णय लिया गया।

(डॉ. आर. के. हिरकने)
PRINCIPAL
प्राचार्य
Govt. Mahendra Karma Girls College
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
Dantewada Distt. South Bastar (C.G.)
दंतेवाड़ा (छ.ग.)